पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति
29 अगस्त, 2022

श्री मनोज शर्मा ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन में निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में पदभार ग्रहण किया

नई दिल्ली, 29 अगस्त, 2022: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन(पीएफसी) लिमिटेड, एक महारत्न सीपीएसई कंपनी और भारत की अग्रणी विद्युत क्षेत्र केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, ने आज श्री मनोज शर्मा को निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

श्री मनोज शर्मा विधि डिग्री (एलएलबी) के साथ एक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। इन्होंने 1990 में पीएफसी में पदभार ग्रहण किया और निदेशक (वाणिज्यिक), पीएफसी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वाणिज्यिक प्रभाग के कार्यपालक निदेशक (प्रभारी) के रूप में कार्यरत थे। इन्हें विद्युत क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। पीएफसी में, इन्होंने संस्थागत आकलन और विकास, एंटिटी आकलन, विधि और प्रलेखन, कराधान, बजट, लेखापरीक्षा, वित्तीय विवरणों की तैयारी, वित्तीय विश्लेषण, संसाधन जुटाव, ऋण सिंडिकेशन और विद्युत क्षेत्र में वित्तीय/वाणिज्यिक पहलुओं पर परामर्श कार्य सहित कई क्षेत्रों और डोमेन का निर्वहन किया है।

पिछले 3 दशकों के दौरान, वे पीएफ़सी की ऋण परिसंपत्तियों के पूरे स्पेक्ट्रम से जुड़े रहे हैं, जिसमें ऋण नीतियां तैयार करना, वित्तीय विश्लेषण के लिए एक संरचित प्रारूप के साथ मूल्यांकन का मार्गदर्शन करने के लिए एक नीतिगत ढांचा तैयार करना, लागू विनियामक और सांविधिक ढांचे का अनुपालन, मॉनीटरिंग शर्तें, संवितरण की सुविधा, दबावग्रस्त लेखों के लिए समाधान तंत्र आदि शामिल है।

श्री मनोज शर्मा पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और झारखंड इंफ्रापावर लिमिटेड के अध्यक्ष भी हैं।

ह/-

(एस.एस.राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)

पंजीकृत कार्यालय : "ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 23456000 फैक्स : 011-23412545
Regd. Office : "Urjanidhi", 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi-110001 Phones : 23456000 Fax : 011-23412545
वैबसाईट / Website : www.pfcindia.com ● CIN : L65910DL1986GOI024862